# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## फरवरी संस्करण 2017




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान, खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी छेत्रों में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई



श्री नरेन्द्र दुग्गा
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

# संदेश

हमारा प्रयास है कि नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के सभी नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ, शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ निरन्तर मिलता रहे। अपने सीमित संसाधनों एवं क्षमता के अनुरुप निगम के अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहें है। शुद्ध पेयजल, व्यवस्थित पानी, लाईट युक्त सड़के, आकर्षक उद्यान, व्यवस्थित पार्किंग, तालाब बाजार स्वच्छ, प्रदुषण मुक्त शहर, बनाने हेतु प्रयासरत है। अपने नगर को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है।

आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

## टाउन शीप शासन की योजनाओं से नागरिकों को सुविधाएं

**भिलाई नगर**/नगर निगम भिलाई बी0एस0पी0 टाउन शीप शासन की योजनाओं से नागरिकों को सुविधाएं एवं विकास कार्यों को लेकर प्रदेश के राजस्व मंत्री विधायक भिलाई नगर श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने आज दुर्ग जिलाधीश आर0 संगीता, आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा, बी0एस0पी0 सी0ओ0 एम. रवि के साथ एक संयुक्त बैठक लेकर नागरिकों की जन समस्याओं का निराकरण किया जिसमें प्रमुख रुप से मंत्री जी के प्रत्येक रविवार को वार्ड भ्रमण के अंतर्गत प्रत्यक्ष व नागरिको द्वारा मिलने वाली शिकायतें व जन समस्याएं प्रमुख रुप से रही, टाउन शीप क्षेत्र में दो समय पानी देने के लिए मंत्री ने बी0एस0पी0 से कहा, वर्तमान में डेम में पानी उपलब्ध है गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायत वाले स्ट्रीट का परीक्षण कराकर तुरंत आपूर्ति ठीक करावें। पम्प लगाकर पानी लेने की शिकायतों को दुर करने के लिए पानी सप्लाई के समय विद्युत बंद करने के लिए निर्णय लिया गया।जिलाधीश आर0 संगीता ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत भवन निर्माण के लिए शीघ्र भूमि देने कहा, उन्होने कहा कि शासन भूमि उपलब्ध होने के पश्चात् ही राशि उपलब्ध करायेगी शहर के स्लम बस्तियों में भवनों का निर्माण किया जाना है। जिससे उन्हे पक्के मकान मिल सकें। जिसके लिए शीघ्र टेन्डर जारी किया जायेगा। टाउन शीप की समस्या एवं अन्य समस्याओं, शिकायतों के निराकरण के लिए पार्षद एवं टाउन शीप में अधिकारियों के बीच बैठक लेकर समस्याओं का समाधान किया जायेगा।



## सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**भिलाई नगर/** कोसानगर वार्ड-3 अटल आवास, आई.एच.एफ.डी.आवास के समीप 50 लाख रुपये कि लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण आज वैशाली नगर के विधायक विद्यारतन भसीन, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, जोन अध्यक्ष राजेश अरोरा,लोक निर्माण प्रभारी सदस्य नीरज पाल की उपस्थिति में हुआ। लोकार्पण समारोह में उपस्थित जन समुह को संबोधित करते हुए विधायक विद्यारतन भसीन ने कहा कि सबका साथ सबका विकास की विचारधारा के साथ आज श्रमिक बाहुल्य बस्ती में यह भवन बनकर तैयार हुआ है, जहा शादी, सामाजिक, सार्वजनिक, पारिवारिक कार्यक्रमों का आयोजन यहा निवास करने वाले कर सकेंगे, निगम न्युनतम राशि के साथ आप लोगों को देवेगी।, भवन को कोई नुकसान न हो जिससे आपका कार्य सुविधा पूर्ण रुप से हो सके। इस भवन में 2000 फिट के 2 हाल, 2 कमरे, 3 बाथरुम, 6000 वर्ग फुट खुला मैदान,समीप मैदान उपलब्ध है। कार्यक्रम में पार्षद नेहा साहू, सरोज साहू, ममता श्रीरांगे, दीपक रावना, धनेश्वरी साहू, सोशन लोगन, सुगंधी वर्मा, राजेश प्रधान, भोजराज भोजू, शाहीन अख्तर , दिनेश यादव, सुलेखा खटी, एल्डरमेन शंकर लाल देवांगन, मनोज तिवारी, प्रमोद सिंह, पूर्व पार्षद आर.जे. सिंह, ललिता पिल्ले, इंदर अग्रवाल, राजेश मेश्राम, रमेश खुटे, विद्या शुक्ला, टी.पी. सिंग, जयप्रकाश यादव, शरद विजवे, रामकुमार गुप्ता, रमा श्रीवास्तव, आशिष चैहान, आदि उपस्थित थे।





## मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के 48 वरिष्ठ नागरिक जिनका चयन मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के लिए जिला प्रशासन द्वारा किया गया था उन यात्रियों को बाबा धाम देवघर यात्रा के लिए संस्कृति पर्यटन एवं मनोरंजन विभाग के प्रभारी सदस्य श्रीमती सुशीला देवांगन, पार्षद धनेश्वरी साहू, ने यात्रियों को फुल माला पहनाकर एवं गुलाल लगाकर सम्मान कर रेलवे स्टेशन दुर्ग के लिए रवाना किया। यात्रियों ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त किया कि सावन में बाबा जी के महिमा के बारे में लोग बताते थे तब मन ही मन प्रार्थना किया करते थे कि बाबा हमें भी दर्शन दो, छ0ग0 शासन का धन्यवाद जो आज निःशुल्क पूरी सुविधा के साथ बाबा के दर्शन के लिए लेके जा रहे है। निगम भिलाई ने हमें सूची में शामिल किया इसके लिए महापौर देवेन्द्र यादव, आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा, को धन्यवाद। यात्रियों को रवाना करने के लिए संस्कृति विभाग के शरद दुबे, रामायण सिंह, दुर्योधन साहू, पीलूराम, आदि उपस्थित थे।



## संघ के प्रतिनिधियों के साथ कर्मचारी हितों को लेकर बैठक

भिलाई नगर/आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा से नगर पालिक निगम भिलाई कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ कर्मचारी हितों को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसमें पूर्व लम्बित विभिन्न मांगों पर कंण्डिकावार चर्चा हुई। संघ के पदाधिकारियों के साथ-साथ अन्य कर्मचारी भी सम्मिलित हुए आयुक्त दुग्गा ने आश्वासन दिया कि स्थानीय स्तर पर जो समस्या है उसका निराकरण अतिशीघ्र कर दिया जायेगा जो मांगे शासन स्तर की है उसपर उचित कार्यवाही की जायेगी। बैठक सौहार्द पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।



## स्वच्छता जागरूकता अभियान

**भिलाईनगर/** स्वच्छता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत वार्ड 29 बापूनगर खुर्सीपार में छत्तीसगढ शासन के केबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय ,सभापति पी.श्याम सुन्दर राव वार्ड पार्षद मार्तन्ड सिंह मन्हर,जोगेन्द्रर शर्मा, जे0श्रीनिवास राव, रिंकु साहू ,छोटू लाल चैधरी, अनिल सिंह ने वार्ड के तंग एवं सकरी गलियों में घुम कर लोगो को स्वच्छता का संदेश दिये एवं नागरिको के समस्याओं से रूबरू हुए । वार्ड की महिलाओं ने मंत्री को अपने बीच पाकर एक स्वर में शराब की अवैध बिक्री की शिकायत किये तो मंत्री ने तत्काल भ्रमण में साथ चल रहे महिलाओं को स्थानीय महिला समुह के साथ पुलिस भेज कर अवैघ शराब विक्रय करने वाले जगह की जांच करावाया तो शराब बेचने वाले तो पुलिस एवं महिलाओं को अपनी ओर आते देख कर भाग गये किन्तु महिलाओं के निशानदेही पर अवैध शराब के ठिकानों की ताला तोड़ कर जांच किये जाने पर तीन पेटी अवैध शराब तथा नशीले पदार्थ मिले जिसे स्थानीय पुलिस ने जप्त किया । मंत्री स्वयं इस कार्यवाही के दौरान 35 मिनट तक महिला कमाण्डो के साथ कार्यवाही स्थल पर डटे रहे और पुलिस अधिकारियों को हिदायत दी की क्षेत्र में कहीं भी अवैध शराब कि बिक्री एवं सार्वजनिक स्थलो पर बैठ कर इसका सेवन न करें ।





## जनता की समस्याओं का समाधान

भिलाईनगर/ भिलाई को स्वच्छता में अग्रणी बनाने जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए खुर्सीपार क्षेत्र के वार्ड क्रमांक37 में मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, सभापति पी. श्यामसुन्दर राव, आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ पुरे वार्ड के एक-एक घर जाकर सबके समस्याओं को सुने संबंधित अधिकारी को निराकरण करने को कहा। गर्मी के आगमन को देखते हुए ज्यादातर क्षेत्रों में पानी की समस्या होने लगी है इसके लिए एक सप्ताह के अंदर व्यवस्था बनाने को जोन आयुक्त संजय शर्मा को निर्देशित किये जिन क्षेत्रों में ज्यादा पानी की सप्लाई है वहाॅ कटौती कर कम पानी वाले क्षेत्रों में पूर्ति किया जाये। यह एक वैकल्पिक व्यवस्था होगी स्थाई समाधान के लिए खुर्सीपार क्षेत्र में तीन पानी की टंकी बनाई जा रही है इससे समस्या का स्थाई समाधान हो जायेगा। भ्रमण के दौरान स्थानीय महिलाओं ने सफाई कर्मचारी द्वारा ठीक से सफाई न करने का शिकायत की, यह भी शिकायत की कि कचरा निकाल करके कचरे को वहीं पर छोड़ दिया जाता है जिससे चारो तरफ बब्दु फैलता है। ऐसी शिकायत कई महिलाओं द्वारा किये जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी को फटकार लगाई संबंधित ठेकेदार के कार्यो का परीक्षण कर राशि कटौती करने को कहा।



भिलाईनगर/छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा, ने लोक सुराज अभियान शिविर का शुभारम्भ शिवाजी नगर खुर्सीपार जोन 04 में दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि छ0ग0 शासन ने नागरिकों से उनकी समस्याओं को समाधान करने तथा समास्याओं को जानने के लिए आज से लक्ष्य समाधान शिविर का आयोजन पुरे प्रदेश में आयोजित किया गया है। इसी कड़ी में निगम भिलाई में भी मुख्य कार्यालय सहित समस्त जोन कार्यालयों में शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याओं का आवेदन स्वीकार किये जा रहें है। आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा ने समस्त शिविर स्थल का निरीक्षण कर बताया कि नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन आधार कार्ड के साथ प्रस्तुत कर सकतें है। शिविर स्थल पर विभागवार काउंटर लगायों गयें है जहा समस्याओं को सबंधित विभाग के काउंटर में जमा करवाकर पावती दी जा रही है प्रत्येक शिविर स्थल पर 10-10 कर्मचारियों की ड्युटी लगाई गई है एवं शिविर का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया जो शिविर स्थल पर उपस्थित रहेंगे। प्राप्त आवेदनों को उसी दिवस आनलाइन भी किया है। इसके अतिरिक्त शिविर स्थल पर शिकायत एवं सुझाव पेटी भी रखवाया गया है जिसमें नागरिक अपने गोपनीय शिकायत आवेदन डाल सकतें है। जिसे पंचनामा के पश्चात् खोला जावेगा।





## स्वच्छता महारैली का आयोजन

भिलाईनगर/स्वच्छ भारत मिशन के तहत् प्रति रविवार को छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय द्वारा चलाये जा रहे जागरुकता अभियान के25वां सप्ताह के अवसर पर महारैली का आयोजन स्वच्छता मार्च न्यू खुर्सीपार पं. जवाहर लाल नेहरु विद्यालय से प्रारम्भ होकर खुर्सीपार क्षेत्र के मंख्य मार्गों से भ्रमण करते हुए वार्ड 37 शिव मंदिर प्रांगण में रैली का समापन किया गया। जहाॅ आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि 6 माह से अधिक समय से चलाये जा रहे स्वच्छता जागरुकता अभियान का असर लोगों में दिखा है अब नागरिक कचरा सड़क या नाली में  डालने से पहले सोचता है कि मुझे कोई देख तो नहीं रहा है। भिलाई में स्वच्छता यदि दिख रही है तो उसका श्रेय नागरिकों को जाता है। यदि आम जनता यह सोच ले मुझे अपने शहर को साफ सुथरा रखना है तो स्वच्छता भिलाई को नम्बर 01 बनाने में कोई नही रोक सकता। यह कार्य नागरिकों के सहभागिता से ही संभव है।





## शासकीय कर्मचारियों का विदाई समारोह

भिलाईनगर/राजस्व निरीक्षक विजय नायक के सेवानिवृत के अवसर पर महापौर देवेन्द्र यादव ने कहा कि शासकीय कर्मचारियों की सेवानिवृत पश्चात् विदाई एक सहज प्रक्रिया उनकी कमी का अहसास लम्बे समय तक बना रहता है। निगम सभागार में आयोजित श्री नायक की विदाई समारोह में महापौर देवेन्द्र यादव, सहायक आयुक्त अशोक द्विवेदी, जनसम्पर्क अधिकारी अशोक पहाड़िया, शिक्षा अधिकारी मूर्ति शर्मा, सचिव जीवन वर्मा, मुरारी शर्मा, गुलजार वर्मा, निर्मलचंद शर्मा, श्रवण ठाकुर, धर्मेन्द्र मिश्रा, संजय शर्मा, पुरषोत्तम अठभैया, प्रकाश अग्रवाल, सुनील निमाड़े, कृष्णा देशमुख, अजय शुक्ला, रामायण सिंह, ने फुल माला एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर विजय नायक को विदाई दी। इस अवसर पर मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



**Editorial Board**

श्री नरेन्द्र दुग्गा
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री अशोक पहाड़िया
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई